प्रादेशिक समाचार

05.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति के अभिभाशण पर धन्यवाद प्रस्ताव लोकसभा से ध्वनिमत से पारित, प्रधानमंत्री आज राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव का देंगे जवाब।

2. नगर निकाय चुनाव में महिला उम्मीदवारों की दिख रही सक्रिय भागीदारी, कुल 6 हजार 979 प्रत्याशियों में 3 हजार 462 महिलाएं शामिल, आज नामांकन पत्रों की जांच जारी।

3. नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार के खजाने से दस हजार करोड़ रुपये की राशि गायब होने का लगाया आरोप, ईडी से जांच की मांग की ।

4. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल करेंगे परीक्षा पे चर्चा, कार्यक्रम को लेकर राज्य के विद्यार्थियों और शिक्षकों में उत्साह

5. बोकारो के बड़कीपुन्नू करमाली टोला में घर में घुसा जंगली हाथी, पति–पत्नी समेत तीन को रौंदा।

********************

लोकसभा में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव ध्वनिमत से पास हो गया है। जिसके बाद लोकसभा की कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देंगे। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने यह जानकारी दी है।

********************

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार, आज निकाय चुनाव के नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है। अभ्यर्थी कल तक नामांकन वापस ले सकेंगे। सात फरवरी को चुनाव चिह्न आवंटन किया जाएगा, जिसके बाद चुनाव प्रचार जोर पकड़ेगा। निकाय चुनाव में महिला उम्मीदवारों की सकिय भागीदारी दिख रही रही है।

********************

नगर परिषद चुनाव को लेकर रामगढ़ में आज नामांकन पत्रों की जांच हो रही है । अध्यक्ष के लिए 10 और वार्ड पार्षद के लिए 228 नामांकन दाखिल हुए है। जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र गुप्ता ने बताया कि स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है।

********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार के खजाने से दस हजार करोड़ रुपये की राशि गायब होने का आरोप लगाते हुए इसकी जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री के निर्देशों के बावजूद वित्त सचिव द्वारा विभागीय सचिवों की बैठक नहीं बुलाई गई और मामला मुख्य सचिव के पास भेजे जाने के बाद तीन महीने से लंबित है। बाबूलाल मरांडी ने प्रवर्तन निदेशालय से मामले की जांच कर यह स्पष्ट करने की मांग की कि राशि कहां गई और देरी के लिए कौन जिम्मेदार है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज झारखंड कैबिनेट की बैठक होगी। झारखंड मंत्रालय में दोपहर दो बजे से होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

*******************

राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने होली पर्व के अवसर पर रांची और हटिया रेलवे स्टेशन से देश के विभिन्न प्रमुख शहरों के लिए विशेष ट्रेन सेवाएं शुरू करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर यात्रियों की बढ़ती भीड़ और संभावित असुविधाओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सुबह दस बजे देश भर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर राज्य समेत बोकारो जिला के विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बोकारो स्टील सिटी स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने अपने विचार साझा किए।

<u>साउंड बाइट– छात्र बोकारो परीक्षा पे चर्चा ...34.......सेकेंड</u>

वहीं प्रधानाचार्य राजेंद्र कामत ने कहा कि नरेंद्र मोदी ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने शिक्षा और देश के बच्चों की परीक्षा को लेकर दबाव को समझा। उन्होंने बच्चों, अभिभावकों के साथ साथ शिक्षकों को भी दबाव मुक्त किया है।

*******************

सड़क सुरक्षा माह के संदेश को घर–घर पहुँचाने के उद्देश्य से गुमला जिला प्रशासन द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में हेलमेट मैन ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर राघवेंद्र कुमार शामिल हुए। इस कार्यक्रम में हेलमेट मैन ने अपने संघर्षों की कहानी साझा की साथ ही गुमला जिले को सड़क दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए हेलमेट बैंक बनाने के विचार भी दिए।

*******************

बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत बड़कीपुन्नू करमाली टोला में आज सुबह हाथी के हमले से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। गुस्साये ग्रामीणों ने सड़क जाम कर विरोध किया और मुआवजे की मांगी की।

*******************

आज दोपहर के कारोबार के दौरान घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में आधे प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 500 अंक गिरकर 83,318 पर और निफ्टी 150 अंक गिरकर 25,626 पर आ गया। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और मीडिया को छोड़कर, अन्य सभी क्षेत्रीय सूचकांकों में कमजोरी बनी रही

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 45 हजार 6 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 98 हजार रूपये प्रति किलो है।

*******************

रांची के डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में भारत रंग महोत्सव का आयोजन किया गया है। आयोजन कर्ता ने बताया कि आज भवभूति रचित मालती माधव और कल समापन समारोह के अवसर पर विजय मिश्रा की रचना निर्माण से निर्वाण तक का मंचन किया जाएगा।

*******समाप्त*******